भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
04.12.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1477 का उत्तर

बलिया रेलवे स्टेशन से मेल एक्सप्रेस रेलगाड़ियां

1477. श्री सनातन पांडेय:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बलिया रेलवे स्टेशन से देश के अन्य शहरों के लिए कुल कितनी रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि हजारों यात्री बलिया से यात्रा कर अपनी आगे की यात्रा के लिए वाराणसी, गोरखपुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से रेलगाड़ियों में सवार होते हैं;
(ग) यदि हां, तो क्या सरकार का जनहित को ध्यान में रखते हुए बलिया रेलवे स्टेशन से देश के अन्य शहरों के लिए मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ियां चलाने का विचार है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): वर्तमान में, बलिया में 50 जोड़ी गाड़ियों द्वारा सेवित किया जा रहा है, जिसमें बलिया से शुरू होने वाली/समाप्त होने वाली 7 जोड़ी नियमित गाड़ियां शामिल हैं। ये सेवाएं नई दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता आदि जैसे महत्वपूर्ण गंतव्यों के लिए संपर्कता मुहैया कराती हैं। इसके अलावा, बलिया स्टेशन के यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए, 2 जोड़ी रेलगाड़ियों अर्थात 12581/82 मंडुवाडीह-नई दिल्ली एक्सप्रेस (30-01-2024 से) और 11071/72 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-वाराणसी एक्सप्रेस (10-12-2023 से) का बलिया तक विस्तार किया गया है। इसके अलावा, भारतीय रेल पर नई गाड़ी सेवाओं की शुरूआत करना एक सतत् प्रक्रिया है, जो यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की कमी आदि के अध्यधीन है।

*****

S.K